# कार्यालय वन मंडलाधिकारी (क्षेत्रीय) वन मंडल धार (म.प्र.)

क्रमांक / मा.चि. / 16 / 997 धार, दिनांक 03-03-16

प्रति,

कार्यपालनयंत्री,
जल संसाधन संभाग क01 धार

विषय :– चुनार तालाब योजना के डूब क्षेत्र में आ रही वनभूमि 95.387 हेक्टेयर का प्रकरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों के तैयार करने बाबद्।

संदर्भ :– 1 आपका पत्र क0 / 2596 / कार्य / 16 दि.2.9.15, 3075 दिनांक 22.12.15 एवं 261 दिनांक 20.01.15
2 इस कार्यालय का पत्र कमांक / माचि / 15 / 6052 दिनांक 23.12.15

–000–

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि चुनार तालाब अन्तर्गत डूब से प्रभावित वनभूमि रकबा 95.387 का प्रकरण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों के तहत तैयार किया जाना है। प्रकरण आपके द्वारा ऑन लाईन इन्ट्री की गई है, जिसका फार्म 2 वन मण्डल द्वारा भरा जाना है। प्रकरण के संबंध में आप निम्नानुसार कार्यवाही करे।

1 प्रकरण की हार्ड कापी 05 प्रतियों में समस्त अभिलेखों पर मूल हस्ताक्षर सहित इस कार्यालय को प्रेषित करे।
2 प्रस्ताव की 1 प्रति जो आपके द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई थी। उसमें आवश्यक संशोधन हेतु आपके विभाग के सब इंजीनियर को उपलब्ध करा दी गई है। तद्‌नुसार संशोधन की कार्यवाही पूर्ण करे, तथा मानचित्रों पर हस्ताक्षर अंकित करे।
3 प्रकरण में पंजियन शुल्क 1000 / – एवं प्रोसेसिंग शुल्क 7500 / – के पृथक–पृथक ड्राप्ट प्रस्ताव की 05 प्रतियों सहित इस कार्यालय को जमा करावे।
4 प्रस्ताव में चैक लिस्ट अनुसार समस्त अभिलेख / प्रपत्रों पर पृष्ठ कमांक अंकित करे।

प्रकरण में उपरोक्तानुसार कार्यवाही किये जाने का कष्ट करे ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके।

जल संसाधन संभाग क्रमांक 1, धार
955
8/3/16
लिपिक

8/4C

(गौरव चौधरी)
भा.व.से.
वन मंडलाधिकारी,
(क्षेत्रीय) वन मंडल, धार

क्रमांक / मा.चि. / 16 / धार, दिनांक

प्रतिलिपिः– 1 वन परिक्षेत्राधिकारी सरदारपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। आवेदक विभाग प्रकरण सहित आप से संपर्क स्थापित करेंगे। प्रकरण में आवश्यक जानकारी एवं अभिलेखों का सत्यापन कर इस कार्यालय को उप वन मंडलाधिकारी सरदारपुर के माध्यम से प्रेषित करे।

2 उप वन मंडलाधिकारी सरदारपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। मौका स्थल निरीक्षण कर वन परिक्षेत्राधिकारी से प्राप्त प्रकरण में अभिलेखों का सत्यापन करे, तथा पूर्ण प्रकरण समस्त अभिलेखों पर अपने हस्ताक्षर अंकित कर इस कार्यालय को प्रेषित करे।

वन मंडलाधिकारी,
(क्षेत्रीय) वन मंडल, धार